INDIAN SCHOOL SOHAR
PERIODIC TEST II (2023-24)
HINDI

CLASS: VII **MAX MARKS: 20**
DATE: 14/01/2024 **TIME:40 MINUTES**

सामान्य निर्देश :
1.इस प्रश्न पत्र में कुल दो खंड हैं – खंड 'क' और खंड 'ख'।
2. कुल प्रश्नों की संख्या सात है।
3. प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए यथासंभव क्रमानुसार उत्तर लिखिए।

खंड – क (व्याकरण)

प्रश्न 1. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्द के लिए उपयुक्त विलोम शब्द का चयन कर लिखिए।

(i) अलमारी में केवल अत्यधिक <u>उपयोगी</u> सामान रखिए ,-------- चीज़ों को निकाल दीजिए। 1

(क) अनुपयोगी (ग) अनमोल
(ख) अनुपस्थित (घ) अनावश्यक

(ii) जीवन में हम सब सिर्फ़ ----- और सम्मान पाना चाहते हैं, <u>निंदा</u> अथवा अपमान कभी नहीं। 1

(क) प्रस्तुत (ग) प्रणाम
(ख) प्रशंसा (घ) प्रसिद्ध

प्रश्न 2. निर्देशानुसार पर्यायवाची शब्दों पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(i)'कपड़ा' शब्द के दो उचित पर्यायवाची शब्द वाला विकल्प छाँटकर लिखिए। 1

(क) वस्त्र,पत्र (ग) वस्तु,पट
(ख) वस्त्र,वस्तु (घ) वस्त्र,पट

(ii)'अक्ल, बुद्धि' किस शब्द के पर्यायवाची शब्द हैं ? 1

(क) ऐंठ (ग) समझ
(ख) अकड़ (घ) घमंड

प्रश्न 3 . 'दबे पाँव भागना ' मुहावरे का अर्थ लिखिए। 1

(क) चैन की नींद सोना (ग) शाबाशी देना
(ख) चुपचाप चले जाना (घ) निश्चिंत होना

खंड -ख (साहित्य)

प्रश्न 4. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए :- 3

(क) ढब (ख) बदलाव (ग) खास

प्रश्न 5. निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग करते हुए अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए:- 2

(क) खुशबू (ख) विभिन्न

P.T.O

प्रश्न 6. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर निर्देशानुसार दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

'टू मिनट्स नूडल्स' के पैकेटबंद रूप से तो कम – से – कम बच्चे – बूढ़े सभी परिचित हो चुके हैं। इसी तरह नमकीन के कई स्थानीय प्रकार अभी तक भले मौजूद हों , लेकिन आलू – चिप्स के कई विज्ञापित रूप तेज़ी से घर – घर में अपनी जगह बनाते जा रहे हैं। गुजराती ढोकला – गाठिया भी अब देश के कई हिस्सों में स्वाद लेकर खाए जाते हैं और बंगाली मिठाइयों की केवल रसभरी चर्चा ही नहीं होती,वे कई शहरों में पहले की तुलना में अधिक उपलब्ध हैं। यानी स्थानीय व्यंजनों के साथ ही अब अन्य प्रदेशों के व्यंजन – पकवान भी प्रायः हर क्षेत्र में मिलते हैं और मध्यमवर्गीय जीवन में भोजन – विविधता अपनी जगह बना चुकी है।

प्रश्न

(i) कई शहरों में पहले की तुलना में क्या अधिक उपलब्ध है ? 1

(ii) 'उपलब्ध' शब्द का अर्थ लिखिए। 1

(iii) गद्यांश के आधार पर आजकल लोग सबसे ज़्यादा किस नमकीन को पसंद करते हैं ? 1

(क) ढोकला (ग) आलू- चिप्स

(ख) गाठिया (घ) बंगाली मिठाइयाँ

(iv) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर सही उत्तर के लिए विकल्प चुनिए - 1

कथन (A) - मध्यमवर्गीय जीवन में भोजन – विविधता अपनी जगह नहीं बना पाई है।

कारण (R)- मध्यमवर्गीय जीवन में सादा भोजन ही होता था।

विकल्प : (क) कथन (A) गलत है और कारण (R) सही है। (ग) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं।

(ख) कथन (A) सही है परंतु कारण (R) गलत है। (घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।

प्रश्न 7. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं 3 प्रश्नों** के उत्तर लिखिए :- 6

(क)'एक तिनका' कविता में कवि की बेचैनी का क्या कारण था ?

(ख)'एक तिनका' कविता द्वारा कवि हमें क्या संदेश देना चाहता है ?

(ग) युवाओं में फास्ट फ़ूड खाने की बढ़ती प्रवृति के क्या दुष्परिणाम हो सकते हैं ?

(घ) किसी स्थान का खानपान, दूसरे स्थान से भिन्न क्यों होता है ?

****